तापमान
अधिकतम 34.3 डिग्री
न्यूनतम 26.4 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 20 अगस्त 2025

11 फ्लैट बदहाल नारकीय जीवन जीने को मजबूर खाकी



12 सीएनजी पंपों पर पसरा रहा सन्नाटा, पेट्रोल के सहारे निजी वाहन



# निर्धारित अवधि में विकास कार्य न होने से आमजन होता है परेशान

## मेयर बोले, अधिकारी स्वयं हर दूसरे दिन करें निरीक्षण, विकास कार्यों की रफ्तार बढ़ाने पर करें फोकस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

नगर निगम कार्यालय में सोमवार को हुई अहम बैठक में मेयर राजीव जैन ने इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर में चल रहे सभी विकास कार्य तय समयसीमा में पूरे किए जाएं और किसी भी हाल में गुणवत्ता से समझौता न हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं हर दूसरे दिन विकास कार्यों का निरीक्षण करें ताकि कार्य की प्रगति और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। बैठक में नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार भी मौजूद रहे।

मेयर ने बैठक के दौरान कहा कि अक्सर देखा जाता है कि विकास कार्य महीनों तक अधर में लटके रहते हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विशेषकर सीवर लाइन डालने के कार्यों में लापरवाही होने पर नागरिकों को लंबे समय तक समस्याओं से जूझना पड़ता है। उन्होंने चेतावनी दी कि गलत तरीके से डाली गई सीवर लाइन लोगों के लिए जी का जंजाल बन जाती है। इसलिए अधिकारियों को चाहिए कि अनुमान तैयार करने से लेकर कार्य की निगरानी तक पूरी जिम्मेदारी से काम करें।

### गुणवत्ता में हेराफेरी पर होगी कार्रवाई

नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने भी सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि टेंडर आवंटन में हेराफेरी या गुणवत्ता में कमी की शिकायत मिली तो जिम्मेदार कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई होगी। तय सीमा में काम पूरा न करने वाले और गुणवत्ता से समझौता करने वाले ठेकेदारों को भी दंडित किया जाएगा। गड्ढे भरने का कार्य तेज गति से किया गया था, लेकिन जहां-जहां कमी रह गई है उसे तुरंत पूरा किया जाए। बैठक में एक्सइन विशाल गर्ग, पद्मभूषण, उपमंडल अभियंता देवेंद्र खासा, सुरेश लोहान, अमित शर्मा मौजूद रहे।



इंजीनियरिंग विंग के अधिकारियों के साथ बैठक करते मेयर।

### समस्याओं पर हुई गंभीर चर्चा

बैठक में सीवर जाम, पेयजल गंदा आने और पानी की कमी जैसी समस्याओं पर भी गंभीर चर्चा हुई। मेयर ने साफ कहा कि ठेकेदार अक्सर सड़क बनाते समय मलबा सीवर में डाल देते हैं और बचा हुआ बिल्डिंग मटेरियल वहीं छोड़ जाते हैं। इसके चलते समस्याएं और बढ़ जाती हैं। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि कई बार ठेकेदार पार्षदों को बताए बिना ही काम शुरू कर देते हैं, जो गलत है। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदारों को निर्देश दिया कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से हो और यदि कोई समस्या आती है तो उसकी जड़ तक जाकर समाधान किया जाए।



वेस्ट रामनगर।



सेक्टर 23 के पास सूरी पेट्रोल पंप का रास्ता।



विकास नगर की गलियां।

## बारिश के पानी की निकासी बेहद धीमी, निगम के दावों की खुली पोल

# दिनभर तेज धूप, दोपहर बाद अचानक से छाए बादल बरसे, फिर से डूबा शहर

डेढ़ घंटे तक कभी तेज बारिश तो कभी हल्की बूंदाबांदी, बरसात से जलभराव, देर शाम तक जाम की स्थिति, मानसून सक्रिय रहने से 21 अगस्त तक परिवर्तनशील बना रहेगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

मंगलवार को दिन की शुरुआत तेज धूप से हुई, लेकिन दोपहर करीब दो बजे अचानक मौसम बदला और आसमान काले बादलों से घिर गया। देखते ही देखते झमाझम बारिश शुरू हो गई, जो लगभग डेढ़ घंटे तक कभी तेज तो कभी धीमी रफ्तार से चलती रही।

बारिश ने जहां लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दी, वहीं जगह-जगह जलभराव और जाम की समस्या ने पूरे शहर को अस्त-व्यस्त कर दिया। नगर निगम के अधिकारी हर बार दावे तो बड़े-बड़े करते हैं, लेकिन थोड़ी-सी तेज बारिश होते ही शहर तालाब बन जाता है। मंगलवार की बारिश ने भी निगम के नाले और नालियों की सफाई के दावों की पोल खोल दी।



सोनीपत। विकास नगर की गलियों में जलभराव के बीच बच्चे एवं अन्य लोग।



सोनीपत। शहर की देव नगर कॉलोनी में जलभराव से निकलता वाहन चालक।

### कॉलोनियों से सेक्टर तक पानी-पानी

सोनीपत में मंगलवार की बारिश ने शहर के हर कोने को प्रभावित किया। देव नगर, रामनगर, विकास नगर और अशोक विहार जैसी बस्तियों में गलियां पूरी तरह डूब गईं। वहीं शास्त्री कॉलोनी और मॉडल टाउन जैसे इलाकों में भी घरों के बाहर पानी जमा हो गया। सेक्टर-14 और सेक्टर-15 की सड़कों पर वाहन चालकों को घुटनों तक पानी में गाड़ियां निकालनी पड़ीं। लोगों ने कहा कि हर बार बारिश में यही हाल होता है लेकिन नगर निगम कोई स्थायी व्यवस्था नहीं करता।

### जाम से घंटों तक कतारों में लगे रहे वाहन

बारिश के दौरान और उसके बाद सोनीपत में जगह-जगह वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। गीता भवन चौक से ककरोई चौक, पुरखास अड्डा और मामा-भांजा चौक पर देर शाम तक जाम लगा रहा। गाड़ियों के बीच पानी भरने से कई वाहन बंद हो गए और सड़क पर ही खड़े रह गए। इससे जाम और भी बढ़ गया। ऑफिस से लौट रहे लोग और स्कूली वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। शाम करीब छह बजे के बाद ही हालात धीरे-धीरे सामान्य हो पाए।

### यहां हुआ जलभराव

देव नगर, रामनगर, विकास नगर, अशोक विहार और शास्त्री कॉलोनी जैसे पुराने रिहायशी इलाकों के साथ-साथ पॉश इलाकों मॉडल टाउन और सेक्टर-14 व 15 में भी सड़कों पर पानी भर गया। जलभराव के कारण लोगों को घरों से निकलना मुश्किल हो गया। दूसरी ओर शहर के प्रमुख चौराहों पर पानी भरने से यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया और वाहन चालक घंटों जाम में फंसे रहे। मौसम विभाग के अनुसार, सोनीपत ब्लॉक में मंगलवार को 55 एमएम बारिश दर्ज की गई। जबकि जिले के खानपुर कलां में 16 एमएम बारिश हुई। गन्नौर, गोहाना, राई और खरखौदा में बारिश का आंकड़ा मंगलवार को तो शून्य रहा, लेकिन कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी देखने को मिली।

### 21 अगस्त तक सक्रिय रहेगा मानसून

21 अगस्त तक क्षेत्र में मानसून सक्रिय रहेगा और मौसम में उतार-चढ़ाव के बीच बारिश की संभावना बनी हुई है।

*- डॉ. प्रेमदीप, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र, जगदीशपुर।*

### खबर संक्षेप

#### बुजुर्ग महिला, युवती और किशोरी लापता

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से बुजुर्ग महिला, युवती व किशोरी के लापता होने के आरोप का मामला सामने आया है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र से 55 वर्षीय बुजुर्ग महिला, 22 वर्षीय युवती व 16 वर्षीय किशोरी संदिग्ध हालत में लापता हो गई। परिजनों ने बताया कि उन्होंने अपने स्तर पर उनकी तलाश रिश्तेदारी व आसपास के क्षेत्र में की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत देकर अज्ञात पर बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाया है।

#### किशोरी से छेड़छाड़ का आरोप, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र में किशोरी से छेड़छाड़ करने व विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी साहिल को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पीड़िता के पिता ने बताया कि उसकी बेटी सिलाई सीखने के लिए जाती है। उसी दौरान गांव का युवक उसके साथ अभद्रता करता है। विरोध करने पर आरोपित ने छेड़छाड़ की व जबरदस्ती खाली प्लॉट में ले जाकर गलत काम करने का प्रयास किया। विरोध करने पर परिवार सहित मारने की धमकी दी।

# सोनीपत व गन्नौर में ईडी की रेड प्रॉपर्टी डीलर और कस्टम हाउस एजेंट के घर पर पहुंची टीमें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने मंगलवार को सेक्टर-14 एक मकान पर रेड की। यह मकान प्रॉपर्टी डीलर जोगिंदर ठाकुर का बताया जा रहा है। सुबह से ही ईडी की टीम ने मकान को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की। टीम के साथ भारी संख्या में सुरक्षाकर्मी भी मौजूद रहे। सूत्रों के अनुसार रेड प्रॉपर्टी संबंधी लेन-देन और संदिग्ध वित्तीय गतिविधियों को लेकर की गई है। रेड की खबर फैलते ही आसपास के इलाके में चर्चा का माहौल बन गया। लोग समूह बनाकर मकान के बाहर खड़े होकर जानकारी जुटाने की कोशिश करते रहे। ईडी अधिकारियों ने अभी तक रेड से संबंधित कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की है। बताया जा रहा है कि ईडी टीम ने मकान से दस्तावेज़ और कंप्यूटर रिकॉर्ड भी खंगाले। देर शाम तक जांच जारी थी।



### अशोक नगर में कई घंटे तक चली ईडी की पूछताछ

**गन्नौर।** अशोक नगर में सोमवार सुबह ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया। टीम सुबह करीब 10 बजे साहिल नाम के युवक के घर पहुंची और मकान को बंद कर पूछताछ शुरू कर दी। साहिल कुमार कस्टम हाउस एजेंट का काम करता है। खातों की ट्रांजेक्शन में गड़बड़ी के चलते ईडी देर शाम तक पूछताछ करती रही, ईडी अधिकारियों ने किसी भी तरह की जानकारी सार्वजनिक करने से साफ मना कर दिया। पूरे दिन स्थानीय लोगों में दिन भर चर्चा रही, क्योंकि साहिल एक सामान्य परिवार से संबंध रखता है। ईडी की अचानक रेड से आसपास के लोग हैरान रह गए।

# हवलदार पांच हजार की रिश्वत के साथ रंगे हाथों किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना

एंटी करप्शन ब्यूरो करनाल की टीम ने सदर थाना गोहाना के हवलदार को पांच हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। उसने सीआइए स्टाफ गोहाना में एएसआइ के कहने पर रिश्वत ली थी। मादक पदार्थ तस्करी के मामले में जेल गए आरोपित का जल्द चालान पेश करने व जल्द जमानत होने की बात कहकर रिश्वत मांगी गई। आरोपितों के विरुद्ध ब्यूरो के रोहतक थाना में केस दर्ज किया गया। शहर में उत्तम नगर विकासस के भाई दीपक को सीआइए-1 गोहाना ने लगभग एक माह पहले मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था तथा वह जेल में बंद है। मामले की जांच सीआइए के एएसआइ विकास कुमार कर रहे हैं। विकास अपने दोस्त के साथ सदर थाने के हवलदार बलराम से मिले। हवलदार ने विकास को अपना जानकार बताते हुए काम का भरोसा दिया। एएसआइ ने उन्हें गोहाना सीआईए स्टाफ में बुलाया व 50 हजार मांगें। 25 हजार में सौदा तय हुआ। एएसआइ के कहने पर वे हवलदार बलराम से मिल मिले व गुरुग्राम में उनके जानकार के खाते में 20 हजार रुपये डलवाए। बाकी पैसे की मांग पर एसीबी से शिकायत की। मंगलवार को एसीबी ने हवलदार को पांच हजार की रिश्वत के साथ रंगे हाथों दबोच लिया।

*बहालगढ़ के पास हादसा*

# बस-ट्रक की टक्कर, 11 यात्री घायल, एक माह का बच्चा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 स्थित बहालगढ़ फ्लाईओवर के पास मंगलवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की बस अचानक सामने आए ट्रक से टकरा गई। हादसे में चालक-परिचालक समेत 11 लोग घायल हो गए, जिनमें एक माह का बच्चा भी शामिल है। गंभीर रूप से घायल बस परिचालक और बच्चे को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार हिमाचल के जिला कांगड़ा के जयसिंहपुर डिपो की बस पालमपुर से दिल्ली जा रही थी। बस चालक सुरेंद्र ने पुलिस को बताया कि सुबह करीब पांच बजे जैसे ही बस बहालगढ़ फ्लाईओवर पर पहुंची तो आगे चल रहा ट्रक अचानक तीसरी लेन से दूसरी लेन में आ गया और बिना इंडिकेटर दिए ही ब्रेक लगा दी। इससे बस अनियंत्रित होकर ट्रक से जा टकराई। जोरदार टक्कर के बाद बस में अफरातफरी मच गई। हादसे में बस परिचालक संजीव और बिहार निवासी मासूम कृष (उम्र एक माह) गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रेफर किया गया। वहीं चालक सुरेंद्र, यात्री सोनू, महिला जोली चौधरी, कुलदीप और सुनील समेत कई अन्य यात्रियों को चोट आई, जिन्हें उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचे यात्री सुनील ने बताया कि हादसा अचानक हुआ और अधिकतर यात्री उस समय सो रहे थे। टक्कर के बाद बस में चीख-पुकार मच गई। वहीं एक माह के बच्चे की मां जोली चौधरी ने बताया कि वह बस में अपने पति सोनू के साथ पीछे बैठी हुई थी। परिचालक ने उसके पति व उसे आगे की सीट पर बैठा दिया। अगर वह पीछे बैठी होती तो उसका बच्चा व पति घायल न होता। पुलिस ने घायल बस चालक के बयान पर आरोपित ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।



हादसे में क्षतिग्रस्त बस, घायल मां-बच्चा, बच्चे को संभालते हुए।





### आरोपी की तलाश जारी

टक्कर में बस के आगे के दोनों शीशे टूट गए और बोनट पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस चालक सुरेंद्र के बयान पर ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित की पहचान कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

*-रविंद्र कुमार, प्रवक्ता पुलिस।*

# पार्क में घूमने जा रही वृद्धा की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**सोनीपत।** दिल्ली-अंबाला रेलमार्ग पर मंगलवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। सुबह की सैर के लिए घर से निकली 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला ओमपति की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची आने शव को कब्जे में लेकर आरपीएफ ने अस्पताल में भिजवाया। शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपकर जांच शुरू कर दी है। शंकर कॉलोनी निवासी जगबीर ने बताया कि उसकी मां ओमपति (75) हर रोज पार्क में घूमने के लिए जाती थी। मंगलवार को रोहतक रेलवे पुल के पास ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई।

### पैसेंजर ट्रेनों के रूके पहिये

रेलवे लाइन पर शव पड़े रहने के चलते दिल्ली की तरफ जाने वाली कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा और गाड़ियां करीब 20 मिनट तक देरी से चलीं। इससे यात्रियों को भी असुविधा का सामना करना पड़ा। हादसे के बाद पैसेंजर ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोके रखा। शव को ट्रैक से हटाने के बाद ही ट्रेनें चल पाईं।

### पार्क जाने को निकली थी बुजुर्ग

महिला सुबह घूमने के लिए घर से निकला करती थी। मंगलवार को भी वह इसी तरह घर से निकली थी, लेकिन रेल ट्रैक पार करते समय अचानक ट्रेन की चपेट में आ गई।

# कुंडली के पास हाइवे पार करते समय युवक को वाहन ने मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर कुंडली के पास मंगलवार को सड़क पार करते समय एक वाहन ने युवक को टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया।

प्राथमिक जांच में सामने आया कि हादसा सड़क पार करते समय हुआ। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन पहचान नहीं हो पाई। मृतक के बारे में जानकारी जुटाने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप और आसपास के क्षेत्रों में फोटो साझा कर मृतक की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

### शिक्षण संस्थान में योग्यता प्रमाण पत्र लेने आई छात्रा से अभद्रता

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र स्थित शिक्षण संस्थान में प्रमाण-पत्र लेने आई छात्रा से अभद्रता व धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने आरोपित छात्र के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छात्रा ने बताया कि वह क्षेत्र के एक शिक्षण संस्थान में पढ़ती है। 18 अगस्त को अपना योग्यता प्रमाण-पत्र लेने के लिए आई थी। जहां एक जानकार छात्र ने उसके साथ अभद्रता करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपित धमकी देने लगा। शोर मचाने पर उसे धमकी देकर फरार हो गया। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी।

# दुकान पर वेल्डिंग करते समय करंट लगने से मिस्त्री की मौत

**सोनीपत।** लामपुर-नाहरी रोड पर मंगलवार को हुए हादसे में वेल्डिंग का काम करते समय एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान 22 वर्षीय पवन के रूप में हुई है, जिसकी वहीं पर वेल्डिंग की दुकान थी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

■ लामपुर-नाहरी रोड पर वेल्डिंग की दुकान चलता था पवन।

परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार पवन (22)अपनी दुकान पर वेल्डिंग का काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक करंट की चपेट में आ गया। करंट लगते ही वह मौके पर गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। आसपास के लोगों ने तुरंत नागरिक अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मृतक के पिता सुभाष के बयान पर कार्रवाई अमल में लाई है।

## शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर की सख्ती

# 51 वाहनों के काटे चालान, 9 इंपाउंड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

सोनीपत पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। रविवार रात जिले में चलाए गए विशेष अभियान में पुलिस ने 51 चालान जारी किए और 9 वाहन इंपाउंड कर लिए।

यह कार्रवाई सोमवार रात को की गई। अभियान शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक एक साथ विभिन्न थाना क्षेत्रों में संचालित हुआ। इस दौरान अलग-अलग जगहों पर लगाए गए नाकों पर पुलिस ने सैकड़ों वाहनों की चेकिंग की और शराब के नशे में वाहन चला रहे चालकों के खिलाफ सख्ती दिखाई।



पुलिस अधिकारियों ने बताया कि “ड्रिंक एंड ड्राइव” सड़क हादसों का बड़ा कारण है। अक्सर देखा गया है कि शराब के नशे में वाहन चलाने वाले लोग न केवल खुद की जान जोखिम में डालते हैं बल्कि अन्य राहगीरों और यात्रियों की भी सुरक्षा खतरे में डालते हैं। इसी वजह से जिले में यह अभियान चलाया गया ताकि यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया जा सके और हादसों पर अंकुश लगाया जा सके। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि इस तरह की विशेष चेकिंग आगे भी समय-समय पर चलती रहेगी और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# अली फजल की नई वेब सीरीज राख का ऐलान

**नई दिल्ली।** अली फजल न केवल फिल्मी दुनिया, बल्कि ओटीटी पर भी कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने कई वेब सीरीज में अपनी बेहतरीन अदाकारी से दर्शकों का दिल जीता है। अब वह फिर से नई वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं जिसकी अनाउंसमेंट भी हो गई है। ओटीटी की नई वेब सीरीज में अली फजल पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभाने वाले हैं। सीरीज की कहानी थ्रिल और सस्पेंस से भरी होने वाली है जो अपराध और न्याय के इर्द-गिर्द घूमेगी। एंडेमोलशाइन इंडिया और गुलबदन टॉकीज के बैनर तले बनी सीरीज एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर होगी। इस वेब सीरीज का नाम राख है। इस सीरीज का निर्देशन प्रोसित रॉय कर रहे हैं।

लाइफ Style



# हुमा
## खुद कहानियां बनाने का किया फैसला

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने हाल ही में निर्माता बनने के फैसले को लेकर कई खुलासे किए। साथ ही उन्होंने बताया कि आखिर वह निर्माता क्यों बनना चाहती हैं। हुमा कुरैशी और उनके भाई साकिब सलीम जल्द ही अपनी पहली प्रोडक्शन फिल्म 'बेबी डू डाई डू' रिलीज करने वाली हैं।

अभिनय के अलावा, दोनों ने अब निर्माता बनने का फैसला किया है, ताकि वे अच्छी कहानियों को खुद चुन सकें और उन्हें दर्शकों तक पहुंचा सकें। हुमा का कहना है कि अभिनेत्री के तौर पर उन्हें हमेशा दूसरों के चुने हुए रोल पर निर्भर रहना पड़ता था। इससे उनमें निराशा थी, क्योंकि वे और भी बहुत कुछ कर सकती थीं। इसीलिए, उन्होंने और साकिब ने खुद कहानियां बनाने का फैसला किया। उनकी पहली प्रोडक्शन फिल्म जल्द रिलीज होगी और इसके बाद हुमा एक इन्वेस्टिगेटिव फिल्म 'बयान' में नजर आएंगी। 39 साल की हुमा ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। इस लिस्ट में गैंग्स ऑफ वासेपुर, डेढ़ इश्किया और जॉली एलएलबी 2 जैसी फिल्में शामिल हैं। अब वह नई और अच्छी कहानियां लाना चाहती हैं। वे कहती हैं कि उन्होंने और साकिब ने दूसरों के मौके का इंतजार करने के बजाय खुद मौके बनाने का फैसला किया। वे अपने प्रोडक्शन हाउस को ऐसा बनाना चाहती हैं, जहां नए चेहरों को मौका मिले और काम का माहौल बेहतर हो। हुमा का कहना है कि वे दूसरों की गलतियों को नहीं दोहराएंगी। भविष्य में वे बड़ी फिल्में बनाना चाहेंगी, लेकिन नए टैलेंट को मौका देने की कीमत पर नहीं।

हॉलीवुड मसाला



# 25 फिल्मों के बाद भी कम नहीं हुआ क्रेज

**नई दिल्ली।** जेम्स बॉन्ड एक फिक्शनल जासूस कैरेक्टर है, जिसे ब्रिटिश राइटर इयान फ्लेमिंग ने 1953 में बनाया था। पहली फिल्म से मशहूर होने के बाद जेम्स बॉन्ड पर 25 फिल्में बन चुकी हैं। लेकिन, अभी भी दर्शकों के साथ-साथ फिल्म मेकर्स का इस कैरेक्टर को लेकर क्रेज खत्म नहीं हो रहा है। बॉन्ड फिल्में अपने साउंडट्रैक समेत कई बेहतरीन चीजों के लिए जाना जाता है। इसके थीम सॉन्ग्स को कई बार ऑस्कर में नॉमिनेश और तीन बार अवॉर्ड भी मिले। ज्यादातर फिल्मों में बॉन्ड की कारें, उनकी बंदूकें और बॉन्ड गर्ल्स को काफी पसंद किया गया है।




# बैटमैन की आ चुकी हैं 18 मूवीज 10 एक्टर्स बने सुपरहीरो

**नई दिल्ली।** डीसी फिल्म्स ने सुपरहीरो मूवीज की शुरुआत की और सुपरमैन के बाद सबसे हिट फ्रेंचाइजी बैटमैन थी। बैटमैन की 18 मूवीज आ चुकी हैं। 10 एक्टर्स सुपरहीरो बने। बैटमैन पहली बार बड़े पर्दे पर 1943 में पहुंचा था। इसका निर्माण कोलंबिया पिक्चर्स ने किया था। यूं तो यह सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन यह एपिसोडिक थी। इसके कुल 15 चैप्टर सिनेमाघरों में रिलीज हुए थो जो हफ्ते में एक बार आते थे। उस वक्त बैटमैन का किरदार लैम्बर्ट हिलियर ने निभाया था और उन्होंने अपने किरदार में जान फूंक दी थी। यह सीरीज इतनी हिट हुई थी कि इसे कोलंबिया पिक्चर्स ने 1954 और 1962 में री-रिलीज किया था। बैटमैन डीसी कॉमिक्स का एक फिक्शनल कैरेक्टर है। इसका असली नाम ब्रूस वेन है जो बहुत अमीर है और गौथम शहर में रहता है।



# डर के बाद पहली बार पहुंचे यशराज स्टूडियो

**मुंबई।** सनी देओल और यशराज फिल्म्स ने साल 1993 में बॉलीवुड को ब्लॉकस्टर फिल्म 'डर' दी थी। लेकिन, इसके बाद उसने फिर दोबारो कभी यश चोपड़ा और आदित्य चोपड़ा के साथ काम नहीं किया। कथित तौर पर सनी देओल का सेट पर वाईआरएफ से झगड़ा हुआ था। लेकिन, अब 30 साल बाद अचानक सनी को आदित्य चोपड़ा के स्टूडियो के बाहर देखा गया। कयास लगने शुरू हो गए कि शायद तीन दशक पुरानी रार अब खत्म हो गई है। चर्चा यह भी शुरू हुई कि क्या 30 साल बाद यह जोड़ी फिर से किसी नई फिल्म की तैयारी में है! सनी देओल यकीनन वाईआरएफ के स्टूडियो पहुंचे थे। लेकिन, यह किसी फिल्म के लिए मुलाकात नहीं थी। असल में एक्टर वहां संगीतकार मिथुन से मिलने गए थे, जिन्हें उन्होंने अपनी अगली फिल्म के लिए साइन किया है।



# कांतारा चैप्टर-1 में गुलशन बनेंगे कुलशेखर

**मुंबई।** कांतारा चैप्टर 1 की रिलीज में जहां अब डेढ़ महीने का वक्त बचा है, वहीं मेकर्स ने मंगलवार को फिल्म की कास्ट से गुलशन देवैया का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया है। वह फिल्म में कुलशेखर के किरदार में नजर आएंगे। कांतारा चैप्टर 1 ऋषभ शेट्टी की साल 2022 में रिलीज ब्लॉकबस्टर फिल्म 'कांतारा' का प्रीक्वल है। यह वह फिल्म है, जिसने कन्नड़ सिनेमा को नई ऊंचाइयां दीं। महज 16 करोड़ के बजट में बनी और देश में 309.64 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है। यही नहीं, ऋषभ शेट्टी को इसके लिए नेशनल अवॉर्ड भी मिला। 'कांतारा' की रहस्यमयी दुनिया में गुलशन देवैया के किरदार की पहली झलक अपने आप में उत्सुकता को बढ़ाने वाली है। पोस्टर में गुलशन का किरदार शाही अंदाज में सिंहासन पर विराजमान है।

टीवी मसाला



# बिंजोला परिवार के आने से गोकुलधाम में बढ़ेगी रौनक

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में जब भूतनी वाला ट्रैक जोड़ा गया तो यह तीन हफ्ते लगातार टीआरपी में नंबर वन रहा, पर इसके बाद इसकी टीआरपी गिर गई। अब मेकर्स एक और ट्विस्ट लेकर आए हैं। 'तारक मेहता' की गोकुलधाम सोसाइटी में अब एक नए परिवार की एंट्री हो गई है, जो ट्विस्ट के साथ कॉमेडी का जायका और बढ़ाएगी। इस परिवार के आने से अब शो में न सिर्फ नए किरदारों की एंट्री हुई है, बल्कि दर्शकों को नई कहानी और नया फ्लेवर देखने को मिलेगा। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में धरती भट्ट, कुलदीप गौर, अक्षान सहरावत और माही भद्रा की नई एंट्री हुई है। कुलदीप गौर शो में रतन बिंजोला नाम के साड़ी बेचने वाले दुकानदार का रोल निभाएंगे, जो जयपुर का रहने वाला है। धरती भट्ट, रतन बिंजोला की पत्नी रूपा के रोल में नजर आएंगी। रूपा एक हाउसवाइफ ही नहीं, बल्कि कंटेंट क्रिएटर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी है। वहीं, अक्षान सहरावत और माही दोनों रतन और रूपा के बच्चों का किरदार निभाएंगे। 'तारक मेहता' में अभी तक टप्पू सेना की थी, जिसने अपनी मासूमियत और शरारतों से गोकुलधाम के निवासियों का ही नहीं, बल्कि दर्शकों भी दिल जीत लिया था। अब टप्पू सेना के अलावा सोसाइटी में दो नए बच्चे आए हैं, जो दर्शकों का दिल जीतने के लिए कमर कस चुके हैं।

## केबीसी में दिहाड़ी मजदूर के बेटे ने जीते 25 लाख

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के लेटेस्ट एपिसोड में हॉट सीट पर गुजरात के दिहाड़ी मजदूर के बेटे संजय देगामा बैठे। अमिताभ बच्चन ने 'फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट' राउंड करवाया, जिसमें संजय देगामा के अलावा




स्नेहा ज्वारे को 'जल्दी 5' राउंड खेलने के लिए चुना गया। इसमें संजय देगामा जीते और उन्होंने हॉट सीट पर बैठने का मौका मिला। संजय देगामा ने 25 लाख रुपए जीते, पर 50 लाख रुपए के लिए पूछे गए सवाल का जवाब नहीं दे सके। अमिताभ बच्चन ने संजय से जो सवाल पूछा था, वह था: साल 1973 में हैंस एन्गार्ट को हराकर कौन से भारतीय विंबलडन के दूसरे दौर में पहुंचे थे? इसके चार विकल्प दिए गए थे- ए) चिरादीप मुखर्जी, बी) गौरव मिश्रा, सी) जयदीप मुखर्जी और डी) नंदन बाल। संजय देगामा को इसका जवाब मालूम नहीं था, इसलिए उन्होंने गेम छोड़ने का फैसला किया। हालांकि, क्विट करने के बाद उन्होंने 50 लाख के सवाल का जवाब दिया। उन्होंने ऑप्शन बी) गौरव मिश्रा चुना, जो गलत जवाब था। सही जवाब ऑप्शन ए) चिरादीप मुखर्जी था।

# शोले: एक फिल्म जिसने रचे कई कीर्तिमान



डॉ.वशिष्ठ.एम.सी




दशकों से भारतीय दर्शकों का पसंदीदा रही फिल्म ''शोले'' इस साल 50 साल की हो जाएगी। 15 अगस्त, 1975 को यह फिल्म रिलीज़ हुई थी। बॉलीवुड के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हुई इस फिल्म के लेखक सलीम-जावेद थे, निर्माता जी. पी. सिप्पी थे और निर्देशक रमेश सिप्पी थे। मुख्य भूमिकाएँ संजीव कुमार, हेमा मालिनी, धर्मेंद्र, अमिताभ बच्चन, जयाभादुरी, अमजद खान, असरानी और अन्य कलाकारों ने निभाई थीं। शोले का मूल विषय अच्छाई और बुराई के बीच की लड़ाई है। फ़िल्म की कहानी एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी (संजीव कुमार) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कुख्यात डाकू गब्बर सिंह (अमजद खान) को पकड़ने के लिए दो अपराधियों, वीरू (धर्मेंद्र) और जय (अमिताभ बच्चन) को काम पर रखता है। इसके अलावा, हेमा मालिनी और जया भादुड़ी ने बसंती और राधा की भूमिकाएँ निभाई हैं, जो वीरू और जय की प्रेमिकाएँ हैं। आर. डी. बर्मन ने संगीत दिया है।दो हीरो होने के बावजूद, अमिताभ बच्चन को इस फिल्म से फायदा हुआ। परिणामस्वरूप वे सुपरस्टार बन गए। शोले के बाद अमिताभ बच्चन ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा; उनका स्टारडम बढ़ता गया और उनकी फिल्में व्यावसायिक रूप से अधिक सफल होती गईं। संक्षेप में शोले ने अमिताभ को एक अखिल भारतीय सुपरस्टार बना दिया। ''एंग्री यंग मैन'' के उनके चित्रण को भारत में व्यापक रूप से अपनाया गया। राजेश खन्ना के युग से लेकर अमिताभ बच्चन के युग तक, बॉलीवुड में रोमांटिकतावाद से एक्शन और हिंसा की ओर एक उल्लेखनीय बदलाव आया। यह फिल्म 15 अगस्त, 1975 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर और भारत में आंतरिक आपातकाल के दौरान रिलीज़ हुई थी। शोले के प्रिंट 70 मिमी और 35 मिमी में उपलब्ध थे। इस फिल्म ने भारतीय सिनेमा को एक नया खलनायक दिया, अमजद खान, जिन्होंने गब्बर सिंह की भूमिका निभाई। अमजद खान की गब्बर, गब्बर सिंह गुज्जर का एक काल्पनिक संस्करण है, जो एक वास्तविक डाकू था जिसने 1950 के दशक में ग्वालियर के आस-पास के गाँवों में आतंक मचा रखा था। आनंद बख्शी द्वारा लिखित, आर.डी. बर्मन द्वारा संगीतबद्ध और किशोर कुमार व मन्ना डे द्वारा गाए गए इस फ़िल्म के एक प्रसिद्ध गीत 'ये दोस्ती' को सर्वश्रेष्ठ दोस्ती गीत कहा जाता है। 'महबूबा महबूबा' को इसके संगीतकार आर.डी. बर्मन ने गाया था, जिन्हें उनके अभिनय के लिए पार्श्व गायन के एकमात्र फ़िल्मफ़ेयर पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था। फ़िल्मों के संवाद जैसे 'कितने आदमी थे, 'जो डर गया, समझो मर गया', और 'बहुत याराना लगता है' आदि भारत में लोकप्रिय हो गए हैं। लोग इन और अन्य सामान्य बोलचाल की भाषाओं का प्रयोग अपनी रोज़मर्रा की बातचीत में करने लगे हैं। हर तरह से, इस फिल्म ने सामान्य रूप से भारतीय सिनेमा और विशेष रूप से बॉलीवुड के लिए एक मानक स्थापित किया। शोले को अभी भी एक ऐसी फिल्म के रूप में माना जाता है जिसने दूसरों के लिए मार्ग प्रशस्त किया, भले ही भारतीय सिनेमा ने तब से काफी प्रगति की है। ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट द्वारा 2002 के एक सर्वेक्षण में शोले को अब तक की शीर्ष 10 भारतीय फिल्मों में स्थान दिया गया था। शोले की अर्ध शताब्दी वर्षगांठ के अवसर पर, यह फिल्म एक नई पीढ़ी को रोमांचित करने के लिए - पचास वर्षों के अंतराल के बाद - फिर से सिनेमाघरों में आ रही है।

## किरदार, संवाद और दोस्ती बनी भारत की सामूहिक याद

जब संवाद, पात्र और दृश्य लोकप्रिय लोककथाओं का हिस्सा बन जाते हैं, राष्ट्रीय स्मृति के ताने-बाने में समा जाते हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी चलते रहते हैं, तब सिनेमा का जादू महसूस होता है। 'शोले' ऐसी ही फिल्म है, और इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपने फिल्म देखी है या नहीं। इस फिल्म को रिलीज हुए 50 साल हो गए हैं। यह एक 'कल्ट क्लासिक' बन चुकी है जिसे आज भी लोग देखते हैं और जिसका जिक्र लगभग हर मौके पर किया जाता है। और फिर, बैठक में देर से आने वाला कोई व्यक्ति जब कहता है, 'इतना सन्नाटा क्यों है भाई' तो सभी मुस्कुरा उठते हैं. जुड़ाव तुरंत हो जाता है। इस फिल्म से सभी अच्छी तरह वाकिफ हैं। रमेश सिप्पी की यह उत्कृष्ट कृति, जिसमें हास्य और रोमांस, मारधाड़ और त्रासदी का मिश्रण था, 15 अगस्त, 1975 को रिलीज हुई थी और इसकी अवधि तीन घंटे से ज्यादा थी। शुरुआत में इसे दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया नहीं मिली, लेकिन बाद के हफ्तों में इसका जादू छा गया। यही वह समय था जब 70 मिमी के परदे पर इतिहास रचा जा रहा था। संजीव कुमार, धर्मेंद्र, अमिताभ बच्चन, हेमामालिनी, जया बच्चन और 'गब्बर सिंह' का किरदार निभाने वाले अमजद खान समेत सभी कलाकारों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। लेकिन ठाकुर, जय, वीरू, बसंती और गब्बर ही ऐसे कलाकार नहीं हैं जो समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। एक-दो दृश्यों में मौजूद कई चरित्र कलाकारों को भी याद किया जाता है. कुछ को उनके संवादों के लिए याद किया जाता है। ए.के. हंगल द्वारा निभाया गया वृद्ध व अंधा पिता, जो इस बात से अनजान है कि उसका बेटा मारा गया है और वह पूछ रहा है कि लोग इतने शांत क्यों हैं या मैकमोहन, जो सांबा के रूप में प्रसिद्ध हुए और बस एक संवाद 'पूरे पचास हजार' बोला। मौसी, सूरमा भोपाली, 'अंग्रेजों के ज़माने के जेलर', कालिया याद हैं। ये फिल्म के कई किरदारों में से कुछ हैं, जो दर्शकों को हंसी से लेकर, डर तक महसूस कराते हैं। हर किरदार अपने आप में नायाब है। सलीम-जावेद की प्रसिद्ध पटकथा लेखक जोड़ी के एक सदस्य जावेद अख्तर ने कहा, 'ये (संवाद) भारतीय संस्कृति और आम बोलचाल का हिस्सा बन गए हैं। 50 साल पहले बनी एक फिल्म और आज तक इसके संवाद स्टैंड-अप कॉमेडी में इस्तेमाल किए जाते हैं। इसके संदर्भ दूसरी फिल्मों में भी इस्तेमाल किए जाते हैं और भाषा में भी, यहां तक कि राजनीतिक भाषणों और अन्य जगहों पर भी 'सलीम खान के साथ मिलकर इस फिल्म की पटकथा लिखने वाले अख्तर ने कहा कि फिल्म का कैनवास ऐसा था कि यह कालातीत हो गई। अख्तर ने कहा, 'इसमें सभी मानवीय भावनाओं का मिश्रण था। इसके लिए कोई सचेत प्रयास नहीं किया गया। यह बस हो गया।' फिल्म विद्वान, इतिहासकार और 'क्यूरेटर' अमृत गंगर के अनुसार, ''यह ऐसी बेहतरीन फिल्म है जिसमें सब चीजें थीं। भोजन की ऐसी थाली जिसमें कई व्यंजन होते हैं।'' उनके विचार से, जनता की कल्पना पर इस तरह का प्रभाव डालने वाली एकमात्र अन्य फिल्म 'मुगल-ए-आजम' है। उन्होंने कहा, ''शोले' बिना किसी भव्यता के जादू करती है, लेकिन इसमें शब्दों की ताकत है।'' 'मुगल-ए-आज़म' एक ऐतिहासिक प्रेमकथा है, जबकि 'शोले' आजादी के बाद के ग्रामीण भारत की पृष्ठभूमि पर आधारित है। महिला किरदारों से फिल्म में चार चांद लग जाता है, चाहे वो बड़बोली व तांगा चलाने वाली बसंती (हेमामालिनी) हो या खामोश विधवा राधा (जया बच्चन), बसंती और वीरू के बीच के चुलबुले रोमांस को जय और सफ़ेद साड़ी पहनने वाली विधवा के बीच के अनकहे प्यार के साथ खूबसूरती से पेश किया गया है और दोनों ही आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। प्रतिशोधी ठाकुर (संजीव कुमार) एक ईमानदार और प्रगतिशील व्यक्ति है जो चाहता है कि उसकी बहू को फिर से प्यार मिले। सलीम-जावेद न सिर्फ़ समय के साथ चलने की कोशिश कर रहे थे, बल्कि उससे आगे भी थे। उनकी कल्पना ने हिंदी सिनेमा के सबसे चर्चित खलनायक को जन्म दिया। गब्बर सिंह, बिना किसी पृष्ठभूमि वाले डाकू ने ख़तरनाक शब्द को नयी परिभाषा दी। उनके कई संवाद बार-बार दोहराये जा चुके हैं- 'कितने आदमी थे', 'जो डर गया, समझो मर गया', 'पचास, पचास कोस...'फिल्म इतिहासकार, लेखक और अभिलेख विशेषज्ञ एस एम एम औसजा ने कहा कि 'शोले' उन दुर्लभ घटनाओं में से एक है, जब फिल्म के हर विभाग ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, 'यह एक अनोखा मामला है जहां सब कुछ सही जगह और सही समय पर हुआ।

## खबर संक्षेप

### पानी लीकेज से खंभा झुका, हादसे का भय

**गन्नौर।** देवी लाल चौक पर बिजली विभाग की लापरवाही लोगों के लिए बड़ी परेशानी और खतरे का कारण सकती । लोगों का कहना कि अगर बिजली विभाग में ध्यान नहीं दिया तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है । स्थानीय निवासी मुकेश, सुभाष, रवि ने बताया कि करीब 15 से 20 दिन पहले यहां बिजली के नए पोल गाड़े गए थे और तार भी पुरानी लाइन से जोड़कर चालू कर दिए गए। लेकिन अब जहां फूल लगाया गया था वहां पानी की आपूर्ति लाइन से रिसाव होने के चलते एक पोल पूरी तरह से टेढ़ा हो गया है, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बढ़ गई है। मुकेश ने बताया कि पोल टेढा होने के बारे में अवगत करवा दिया है।

### भगवान श्रीकृष्ण की छठी कल मनाई जाएगी

**सोनीपत।** जन्माष्टमी के छह दिन बाद मनाई जाने वाली भगवान श्रीकृष्ण की छठी इस बार 21 अगस्त गुरुवार को मनाई जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरों तक, श्रीकृष्ण की छठी का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। भक्तों का मानना है कि यह उत्सव न केवल भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की स्मृति है, बल्कि बच्चों की खुशहाली और परिवार की समृद्धि का प्रतीक भी है। आचार्य मनमोहन मिश्रा ने बताया कि यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण के आगमन की खुशी का प्रतीक है और भारतीय संस्कृति में इसका विशेष महत्व है।

हिंदू मान्यताओं के अनुसार, किसी भी घर में बच्चे के जन्म के छह दिन बाद छठी मनाई जाती है।

### रेशनेलाइजेशन नीति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**सोनीपत।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन की अगुवाई में मंगलवार को सोनीपत स्थित पब्लिक हैल्थ अधीक्षक अभियंता कार्यालय पर सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान देशराज नैन ने की, जबकि मंच संचालन राजेश ने किया। इस मौके पर अधीक्षक अभियंता के माध्यम से प्रमुख अभियंता को मांगपत्र भी सौंपा गया। प्रदर्शन का मुद्दा सरकार द्वारा लागू की जा रही रेशनेलाइजेशन नीति रही। यूनियन के राज्य कोषाध्यक्ष राहुल हुड्डा ने कहा कि सरकार की रेशनेलाइजेशन रिपोर्ट कर्मचारियों और बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

### इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरखौदा में आज

**खरखौदा।** इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला बीस अगस्त को खरखौदा पहुंच रहे हैं, जहां वे विधानसभा स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम की सफलता के उद्देश्य से इनेलो प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने मंगलवार को आयोजन स्थल का दौरा किया। साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी। इस बीच मीडिया से बातचीत में कहा कि जब भी पार्टी कोई आयोजन होता है तो पारिवारिक सदस्य के रूप में प्रदेश वासियों को निमंत्रण दिया जाता है। पहले जब भी कोई शुभ कर्म तय किया जाता है, तो प्रदेशवासियों को परिवार मानते हुए लोगों को निमंत्रण देने खुद ही निकल पड़ते थे।

*वेतन से हर माह कट रहे हजारों रुपये, बिजली, सीवर व इमारत की देखरेख तक की राशि के खर्च का कर रहे भुगतान*

# फ्लैटों की बदहाल व्यवस्था, नारकीय जीवन जीने को मजबूर जवान, लिफ्ट हादसे में मासूम की मौत के बाद बढ़ा आक्रोश

*पुलिस लाइन पुलिस कर्मचारियों के लिए बने सरकारी फ्लैटों की बदहाल स्थिति अब गंभीर समस्या बन चुकी*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

पुलिस लाइन पुलिस कर्मचारियों के लिए बने सरकारी फ्लैटों की बदहाल स्थिति अब गंभीर समस्या बन चुकी है। फ्लैटों में रह रहे पुलिसकर्मियों और उनके परिजन नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। यहां की जर्जर व्यवस्था ने सोमवार को एक मासूम की जान भी ले ली। दो वर्षीय उद्धंश की लिफ्ट में फंसने से हुई दर्दनाक मौत ने न केवल परिजनों को बल्कि पूरे पुलिस परिवार को झकझोर कर रख दिया है। जिसके बाद पुलिस आयुक्त ने ईमारतों में लिफ्ट बंद करने व सुविधाओं की जांच को लेकर होने वाले खर्च की जांच के लिए टीम का गठन किया है। जो रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को सौंपने का काम करेगी।

बता दें कि गांव पांची हाल में पुलिस लाइन में बने फ्लैट सी ब्लॉक में निवासी अंकित की पत्नी हरियाणा पुलिस में तैनात है। गत दिनों पहले ही कुरुक्षेत्र में तबादला होकर सोनीपत में आई थी। विभाग की तरफ से पुलिस लाइन में बने फ्लेट मुहैया करवाया गया। सोमवार देर शाम को लिफ्ट में दो साल के बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे ने पुलिस परिवार को झंझोर के रख दिया। बच्चे की मौत के बाद फ्लैटों में मिलने वाली सुविधाओं पर सवाल खड़े होने लगे। हरिभूमि टीम ने हादसे के बाद फ्लेटों में सुविधाओं की जानकारी लेने के लिए पहुंचे। जहां बदहाल व्यवस्था मिली। लंबे समय से कर रहे शिकायत, नहीं हो रही सुनवाई, मानसिक परेशान तक रहे बढ़-पुलिसकर्मियों के अनुसार फ्लैटों में लंबे समय से कई समस्याएं बनी हुई हैं। सबसे गंभीर स्थिति लिफ्ट, सीवरेज और बिजली व्यवस्था की है। कई लिफ्टें अक्सर खराब रहती हैं, जिसकी वजह से हादसे का खतरा लगातार बना रहता है। यह लापरवाही सोमवार को मासूम उद्धंश की जान ले गई। परिजनों का कहना है कि यदि समय रहते लिफ्ट की मरम्मत और सुरक्षा उपाय किए गए होते तो यह हादसा टाला जा सकता था। इसके अलावा फ्लैटों में अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था दुरूस्त नहीं है, जिससे किसी भी आपदा की स्थिति में खतरा और बढ़ जाता है। सीवरेज व्यवस्था भी जर्जर है, गंदा पानी जगह-जगह जमा रहता है, जिससे बीमारियां फैलने का खतरा बना रहता है। वहीं बिजली व्यवस्था लचर है। कई जगहों पर खुले पड़े तार और जर्जर बॉक्स हादसे को न्योता देते हैं। बैठने के लिए लगाए गए बेंच कंडम हालत में हैं, जिनका उपयोग करना भी मुश्किल है।






**सोनीपत।** पुलिस लाइन में बने फ्लैट व अलग-अलग स्थानों पर सुविधाओं की हालत। *फोटो :हरिभूमि*

### कमेटी करेगी रिपोर्ट तैयार

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त ने जांच कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी फ्लैटों की लापरवाहियों और समस्याओं पर रिपोर्ट तैयार करेगी। जिसे विभाग में उच्च अधिकारियों के पास भेजा जायेगा। लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की जाएगी और जल्द ही व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाएगा। *ममता सिंह, पुलिस आयुक्त सोनीपत।*

### सुरक्षा को लेकर हो रही चर्चाएं

मासूम की मौत के बाद पुलिस कर्मचारियों और उनके परिवारों में डर और आक्रोश का माहौल है। लोग अब फ्लैटों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठा रहे हैं। परिजन और कर्मचारी कह रहे हैं कि रोजाना ड्यूटी पर जनता की सुरक्षा करने वाले पुलिस जवान खुद अपने घरों में असुरक्षित जीवन जी रहे हैं। मासूम उद्धंश की मौत ने पुलिसकर्मियों के परिवारों में गहरा आघात पहुंचाया है। कर्मचारी व उनके परिजन मांग कर रहे हैं कि फ्लैटों में सुविधाओं को तुरंत सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की कोई दर्दनाक घटना दोबारा न हो।


### वंश स्टेट के लिए चयन

**सोनीपत।** हैप्पी चाइल्ड स्कूल बॉक्सिंग अकादमी के खिलाड़ी वंश स्वामी ने हाल ही में आयोजित स्कूल जिला प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते स्वर्ण पदक जीता और हरियाणा स्कूल स्टेट प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ। यह प्रतियोगिता 18 से 19 अगस्त 2025 तक लिटिल एंजल स्कूल में आयोजित हुई। अंडर-19 आयु वर्ग के 46 किलोग्राम भार वर्ग में खेले गए फाइनल मुकाबले में वंश स्वामी ने गोहाना के विजय को एकतरफा अंदाज में 3-0 के स्कोर से पराजित किया। अपनी तकनीक और लयबद्ध पंचों के दम पर वांश ने पूरे मुकाबले में विरोधी खिलाड़ी को कोई मौका नहीं दिया और शानदार जीत दर्ज की।



**सोनीपत।** बॉक्सिंग प्रतियोगिता के दौरान वंश स्वामी।



**सोनीपत।** पौधरोपण करते फाउंडेशन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया

**सोनीपत।** जनहित अभियान फाउंडेशन की ओर से मंगलवार को पानी की टंकी परिसर में पौधरोपण अभियान चलाया । फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने पौधारोपण किया और उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि इस मुहिम के तहत फलदार और छायादार कुल 15 पौधे लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस बरसात के मौसम में अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लेना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध वातावरण और हरियाली मिल सके। उन्होंने लोगों से यह भी अपील की कि केवल पौधे लगाने तक ही सीमित न रहें, बल्कि उनकी देखभाल भी करें, जब तक वे बड़े होकर पेड़ न बन जाएं। अंग्रेजी प्रवक्ता पूर्ण सिंह, भगवान शर्मा, सत्यवान, नरेंद्र और अंग्रेज समेत कई ग्रामीण व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पौधारोपण करते पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया।

### डॉ. कीर्ति ने किया पुस्तक का लेखन

**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय कालेज पीपली में हिंदी विषय की सहायक प्राध्यापक डॉ. कीर्ति खत्री ने नई शिक्षा नीति के पाठ्य क्रमानुसार भाषा संवर्धन कार्यक्रम की पुस्तक लेखन कार्य संपन्न किया गया। भाषा संवर्धन कार्यक्रम की यह पुस्तक बीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए है। यह लेखन कार्य संयुक्त रूप से डॉ कीर्ति खत्री तथा डॉ भामा बाई अग्रवाल द्वारा किया गया है।इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या डॉ तराना नेगी ने कहा कि अपने व्यस्त दिनचर्या में से पुस्तक लेखन के लिए समय निकालकर डॉ कीर्ति ने बहुत ही अच्छा कार्य किया है। महाविद्यालय का शैक्षणिक स्टाफ बहुत ही योग्य तथा मेहनती हैं। भविष्य में अन्य स्टाफ सदस्य भी इस तरह के लेखन कार्य से जुड़े रहेंगे। डॉ. किरण सरोहा, डॉ. योगेश बाजवान, गीता शर्मा, डॉ. योगेन्द्र, डॉ. रजनेश, डॉ. मनदीप, डॉ. संगीता, डॉ. रवीना तथा नीरा उपस्थित रहे।



अपनी लिखी पाठ्य पुस्तक प्राचार्या को भेंट करती डॉ. कीर्ति खत्री।



**सोनीपत।** वाल्मीकि चौपाल की नींव रखते जिला पार्षद साथ में अन्य।

### वाल्मीकि चौपाल की रखी नींव

**सोनीपत।** सांदल कला गांव में रविवार को जिला पार्षद संजय ने वाल्मीकि चौपाल की नींव रखी। इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वार्ड में सबसे बड़ी समस्या पीने के पानी की थी, जिसे दूर करने के लिए जगह-जगह हैंडपंप लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा कई गांवों में ओपन जिम स्थापित किए गए हैं, पानी के टैंकर उपलब्ध कराए जा रहे हैं और खराब हालत में पड़ी चौपालों की मरम्मत भी करवाई जा रही है। संजय ने बताया कि केवल सादल कला ही नहीं, बल्कि वार्ड के अन्य गांवों में भी पानी निकासी की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। बारिश के दौरान खेतों में पानी भर जाने से ग्रामीणों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि आने वाली जिला परिषद बैठकों में वह इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाएंगे, ताकि स्थायी समाधान निकल सके। सरपंच प्रतिनिधि सुनील कुमार भी मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकत करते पूर्व अर्धसैनिक प्रतिनिधिमंडल।

### पूर्व अर्धसैनिक सीएम से मिले

**गोहाना।** पूर्व एडीजी सीआरपीएफ एचआर सिंह के नेतृत्व में 9 सदस्यीय पूर्व अर्धसैनिकों के प्रतिनिधि मंडल ने नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से पिछले 10 सालों से गठित हरियाणा सेना/अर्ध सैनिक कल्याण विभाग में पूर्व अर्धसैनिकों की 50 प्रतिशत भागीदारी की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश सरकार द्वारा शहीदों के आश्रितों को मिलने वाली एक्सग्रेसिया शहीद सम्मान राशि को बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये करने के लिए साधुवाद दिया। पूर्व एडीजी एचआर सिंह ने कहा कि हरियाणा ऐसा पहला प्रदेश है जहां सेना के साथ अर्ध सैनिक कल्याण विभाग की स्थापना हुई। इस विभाग के पास पैरामिलिट्री फोर्स के सेवारत, सेवानिवृत्त कर्मियों, शहीदों के आश्रितों व विभिन्न सम्मानित पदकों से नवाजे गए वीर बांकुरों का कोई लेखा जोखा नहीं है। अगर कोई पैरामिलिट्री परिवार का सदस्य कल्याण बोर्ड में अपनी पेंशन पुनर्वास आदि फरियाद लेकर जाता है तो वहां एक ही जवाब मिलता है कि यहां आपका कोई रिकॉर्ड मौजूद नहीं है।

## सड़क पर उतरकर मनीषा के लिए मांगा न्याय

*घटना के आरोपितों को फांसी पर लटकाने की मांग उठाई*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

गोहाना में विद्यार्थियों व युवाओं ने सड़क पर उतरकर भिवानी में शिक्षिका मनीषा के लिए न्याय की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने उसकी जान लेने वाले आरोपितों की पहचान करके फांसी देने की मांग की।

आईटीआई के प्रधान चामरा, विजय, अर्पित ने कहा कि भिवानी में गांव ढाणी की बेटी मनीषा 11 अगस्त को घर से निकली थी। दो दिन बाद उसका शव दूसरे गांव के खेतों में मिला था। एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद पुलिस आरोपितों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। पुलिस आरोपितों को गिरफ्तार करके उनको फांसी पर लटकाए। मनीषा की हत्या के मामले को अब दूसरी दिशा में ले जाने की कोशिश की जा रही है, जो उचित नहीं है। विद्यार्थी गोहाना बस स्टैंड पर एकत्रित हुए और इसके बाद प्रदर्शन करते हुए शहर में जुलूस निकाला। प्रदर्शन में अर्पित गोहाना, विजय मलिक, कृष, हर्ष मलिक, सावन अटकान और हर्ष देशवाल उपस्थित रहे।



**गोहाना।** सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करते युवा। फोटो : हरिभूमि



**सोनीपत।** बैठक के दौरान मौजूद एआईयूटीयूसी के पदाधिकारी एवं सदस्यण।

### चार सितंबर धरना और प्रदर्शन का ऐलान


**सोनीपत।** ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर (एआईयूटीयूसी) की अखिल भारतीय कमेटी के आह्वान पर आगामी 4 सितंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध धरना और प्रदर्शन किया जाएगा। हरियाणा प्रदेश सचिव कॉमरेड हरिप्रकाश ने सोनीपत जिला कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने मजदूर विरोधी और मालिक परस्त चार लेबर कोड लागू किए हैं, जिनसे स्थाई नौकरियां समाप्त होंगी, न्यूनतम वेतन और ट्रेड यूनियन अधिकार प्रभावित होंगे। उन्होंने बताया कि इस आंदोलन के माध्यम से मजदूरों के न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये मासिक, पुरानी पेंशन स्कीम की बहाली, आंगनवाड़ी, मिड-डे मील और आशा वर्करों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा, निर्माण श्रमिकों के पंजीकरण में पारदर्शिता, निजीकरण पर रोक, श्रम कानूनों का पालन, बिजली स्मार्ट मीटरों पर रोक और मनरेगा मजदूरों को 800 रुपये दिहाड़ी पर 200 दिन काम जैसी मांगें उठाई जाएंगी।

*सफाई के बड़े-बड़े दावे, लेकिन हकीकत बिल्कुल उलट*

# ड्रेन नंबर-6 की सफाई न होने से ग्रामीण दुःखी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर

अहीर माजरा गांव के पास से गुजर रही ड्रेन नंबर-6 की बदहाल स्थिति इन दिनों ग्रामीणों की परेशानी का सबब बनी हुई है। प्रशासन द्वारा बरसात के मौसम को देखते हुए सभी ड्रेनों की सफाई के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन हकीकत इन दावों से बिल्कुल उलट दिखाई दे रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कई साल से ड्रेन की सफाई नहीं हुई है, जिसके चलते इसमें गंदगी और कचरे का जमाव बढ़ गया है। अब हालात यह हैं कि ड्रेन के किनारे-किनारे गंदे पानी का जमाव, बदबू और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। गांव अहीर माजरा और आसपास के खेतों के पास रहने वाले ग्रामीणों ने बताया कि ड्रेन में पानी का बहाव रुक-सा गया है। जगह-जगह कचरे और गाद के ढेर जमा हो चुके हैं। परिणामस्वरूप गंदा पानी ठहर गया है, जिससे दुर्गंध फैल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि शाम होते ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है, जिससे बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है। डेंगू और मलेरिया जैसे मच्छरजनित रोगों की आशंका ग्रामीणों को डरा रही है। बरसात से पहले प्रशासन ने दावा किया था कि ड्रेनों की समय रहते सफाई कर दी जाएगी ताकि बरसात के मौसम में जलभराव और गंदगी की समस्या न हो। लेकिन अहीर माजरा की तस्वीर इन दावों की पोल खोल रही है। ग्रामीणों ने बताया कि न तो यहां मशीनरी आई और न ही कोई सफाई का कार्य हुआ।




### सफाई करने की मांग

गांव के सरपंच नरेंद्र और स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग से जल्द से जल्द ड्रेन नंबर-6 की सफाई करने की मांग की है। इस बारे में संबंधित विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया ।



**गन्नौर।** शहर में सप्लाई हो रहा दूषित पानी। *फोटो :हरिभूमि*

### दूषित पानी की सप्लाई से लोग परेशान

गन्नौर । गन्नौर शहर में इन दिनों लोगों को दूषित पानी की सप्लाई मिल रही है। कई वार्डों के निवासी शिकायत कर रहे हैं कि सप्लाई के दौरान आने वाला पानी बदबूदार और गंदा है। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर संकट मंडराने लगा है। वार्ड पार्षद अंकित त्यागी, सचिन कोच, हरविंद्र त्यागी आदि का कहना है कि उनके वार्डों में पिछले दो दिनों से लगातार गंदा पानी आ रहा है। पीने के साथ-साथ घरेलू उपयोग में भी दिक्कतें हो रही हैं। दूषित पानी की वजह से कई समस्याएं सामने आ रही हैं। लोगों का कहना है कि यदि स्थिति पर जल्द काबू नहीं पाया गया तो हैजा, टाइफाइड जैसी बीमारियां फैल सकती हैं। लोगों ने जनस्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। मजबूरी में उन्हें बाजार से पीने का पानी खरीदना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

### राजकीय महिला कालेज में रक्तदान शिविर 22 को

**गोहाना।** राजकीय महिला महाविद्यालय, गोहाना में 22 अगस्त को रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर रेड रिबन क्लब द्वारा आयोजित किया जाएगा जो प्रातः 10 बजे शुरू होगा और सायं 3 बजे तक चलेगा। रक्तदान शिविर की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह करेंगे। संयोजन रेड रिबन क्लब की इंचार्ज किरन का रहेगा। रक्तदान शिविर आयोजक समिति के सदस्यों में डॉ. रेखा देवी, नीरज दहिया, रवित कुमार, देवेंद्र सिंह, डॉ. विकास मलिक और चांद सिंह शामिल हैं।

**सूचना**

मैं, रीता देवी पत्नी श्री रामचन्द्र निवासी मकान नंबर 828/22, बाबा कालोनी, सोनीपत बयान करती हूं कि मेरा पुत्र मोनू जिसकी जन्मतिथि 22.08.2007 है। मेरे पुत्र मोनू ने दसवीं कक्षा की परीक्षा श्याम मैमोरियल सीनियर सेकेण्डरी स्कूल सोनीपत से वर्ष अप्रैल-2021 में उत्तीर्ण की थी जिसका अनुक्रमांक नंबर 1021528883 है। दसवीं कक्षा की मार्कशीट में मेरे पुत्र की जन्मतिथि 12.04.2003 दर्ज है जो कि गलत दर्ज है जबकि इसकी सही जन्मतिथि 22.08.2007 है जो कि इसके जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड में भी दर्ज है। अब मैं अपने पुत्र की दसवीं कक्षा के प्रमाण पत्र में सही जन्मतिथि 22.08.2007 दर्ज करवाना चाहती हूं जो कि सही की जावे।

## खबर संक्षेप

### मारीपट कर गाड़ी छीनने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र में स्थित फैक्टरी कार्यालय में घुसकर युवक से मारपीट करके चैन, पर्स व गाड़ी छीनकर ले जाने की वारदात में शामिल आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित बिजेंद्र निवासी सिरसपुर दिल्ली व मंजेश निवासी रोहणी दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एचएसआईआईडीसी राई निवासी सुमित 9 ने बताया कि वह अपने घर से फैक्टरी के काम से अपनी गाड़ी में गया था। उसी दौरान दो महिलाएं व एक व्यक्ति फैक्टरी कार्यालय में पहुंचे। अंदर आते ही मंजेश ने मारपीट करना शुरू कर दिया।

### फर्जी वसीयतनामा तैयार करने का आरोपी दबोचा

**सोनीपत।** राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निवारक ब्यूरो, रोहतक की टीम ने मंगलवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए जालसाजी के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी पर थाना कुंडली में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज था। ब्यूरो को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अपने आप को मदन मोहन पुत्र हेत राम निवासी अमृतसर बताकर सोनीपत के गांव सुल्तानपुर की जमीन पर कब्जा जमाने का प्रयास कर रहा है। जब उससे पूछताछ की गई तो पता चला कि असली नाम राजेश जैन पुत्र निवासी दिल्ली है, जिसने खुद को मृतक मदन मोहन बताकर फर्जी वसीयतनामा तैयार किया।

### साइकिलिंग प्रतियोगिता में मनेंद्र ने जीता सोना

**गोहाना।** ग्लोबल पब्लिक स्कूल, खानपुर कलां के छात्र मनेंद्र ने जिला स्तरीय खेलों में 3 किलोमीटर साइकिलिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करके स्वर्ण पदक पर कब्जा कर लिया। छात्र मनेंद्र स्कूल के कक्षा 10वीं के विद्यार्थी हैं। मंगलवार को स्कूल में एमडी पंकज जाले और प्राचार्या प्रीति शर्मा ने पदक विजेता छात्र को सम्मानित किया।

### दिव्यांश व पर्व ने जूडो में जीता स्वर्ण पदक

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) के जूडो खिलाड़ी दिव्यांश व पर्व ने जिला स्तरीय स्कूली जूडो चैंपियनशिप में दमदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने आयु व वजन भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। स्कूल में दोनों पदक विजेताओं का स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने दिव्यांश व पर्व को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### खेत से सोलर की मोटर चोरी, केस दर्ज

**खरखौदा।** सिलाना गांव के एक खेत से चोरों ने तीन हॉर्स पावर की सोलर मोटर को चोरी कर लिया है। महेंद्र ने बताया कि उसने अपने खेत में सोलर मोटर लगाई हुई थी। जब वह खेत में गया तो उसे अपने खेत में लगी सोलर मोटर नहीं मिली। इप पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गैस पाइपलाइन में रिसाव के चलते बढ़ी दिक्कत

# सीएनजी पंपों पर पसरा सन्नाटा पेट्रोल के सहारे निजी वाहन

*वैकल्पिक व्यवस्थाओं की ओर रूख कर सकती है गेल गैस*

### जिले में 28 सीएनजी पंप, सिर्फ 1 पर दोपहर तक मिली गैस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले भर के सीएनजी स्टेशनों पर मंगलवार को भी सन्नाटा पसरा रहा। गेल गैस पाइपलाइन में रिसाव के चलते जिले के सीएनजी स्टेशनों पर सीएनजी खत्म हो गई है। सोमवार तक चल रहा एक सीएनजी स्टेशन भी मंगलवार को एक चौथाई प्रेशर के साथ हांफता नजर आया। सीएनजी ना होने से हजारों वाहन चालकों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्टेशन पर सीएनजी लेने के लिए मंगलवार को भी वाहन चालक पहुंचते रहे, लेकिन पंप बंद रहने ने उन्हें खाली हाथ ही वापस लौटना पड़ा। अधिकारियों का कहना है कि सीएनजी आपूर्ति कब बहाल होगी, इस बारे में अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। ऐसे में वाहन चालकों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं, सबसे ज्यादा परेशानी कमर्शियल वाहन चालकों को झेलनी पड़ रही है।

जिले में गेल गैस कंपनी के 28 सीएनजी स्टेशन संचालित किए जा रहे हैं, जिन पर कंपनी की गौना-बवाना पाइप लाइन से सीएनजी की आपूर्ति दी जा रही है। 16 अगस्त को उत्तर प्रदेश के बागपत के पास यमुना से गुजर रही पाइपलाइन पानी के तेज बहाव से क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिसके बाद जिले के सीएनजी स्टेशनों पर आपूर्ति बाधित हो गई थी। गेल गैस कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि यमुना का जलस्तर बढ़ने से पाइपलाइन मरम्मत कार्य में दिक्कत आ रही है। स्थिति सामान्य होने में कुछ दिन लग सकते हैं।

### सेक्टर 7 स्थित पंप पर लगी वाहनों की लम्बी लाइनें





#### जिले में 24 हजार से अधिक सीएनजी वाहन पंजीकृत

जिले में 24 हजार से अधिक सीएनजी वाहन पंजीकृत हैं। अचानक आपूर्ति बंद होने से निजी वाहन चालक पेट्रोल पर निर्भर हो गए। दूसरी तरफ भारी वाणिज्यिक वाहन कैंटर, ट्रक जैसे कमर्शियल वाहनों के पहिए थमे रहे। सीएनजी संकट ने जिले के परिवहन व्यवस्था से लेकर उद्योगों तक असर डालना शुरू कर दिया है। इससे माल ढुलाई का काम भी प्रभावित हुआ है। जिसका असर उद्योगों से कच्चा व तैयार माल लाने व ले जाने के काम पर भी पड़ा है।

#### पानी के तेज बहाव से पाइपलाइन क्षतिग्रस्त

यमुना से गुजर रही गेल गैस कंपनी की पाइपलाइन पानी के तेज बहाव से क्षतिग्रस्त हो गई थी। यमुना में जलस्तर अधिक होने के कारण मरम्मत कार्य प्रभावित है। उपभोक्ताओं को जल्द राहत देने के लिए दूसरे विकल्पों की भी तलाश की जा रही है।
**-दीपचंद, जीएम, गेल गैस, नोएडा**

#### केवल एक स्टेशन पर भी एक चौथाई प्रेशर

सोमवार तक सेक्टर-7 स्थित सीएनजी स्टेशन पर ही आपूर्ति दी जा रही थी। मंगलवार को भी यहां सीएनजी कुछ हद तक उपलब्ध थी, हालांकि यहां पर प्रेशर 60 तक ही रहा, जोकि 180 से 200 के बीच होना चाहिए था। ऐसे में पंप के बाहर वाहनों की लाइन लगी रही। जिन वाहनों में बिल्कुल भी सीएनजी नहीं थी, उनमें ही 50-100 रुपये की सीएनजी आ पाई। दोपहर बाद यह पंप भी बंद हो गया।

## ग्रामीण सफाई कर्मी 24 को पंचायत मंत्री के आवास पर करेंगे प्रदर्शन




राई। ग्रामीण सफाई कर्मियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर राई ब्लॉक में बैठक के बाद रोष व्यक्त करते हुए ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

हरियाणा के ग्रामीण सफाई कर्मियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर राई ब्लॉक में आयोजित बैठक में सफाई कर्मियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 24 अगस्त को पंचायत मंत्री के आवास पर चेतावनी प्रदर्शन किया जाएगा। सभा की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान राजेश रसोई ने की, जबकि संचालन ब्लॉक सचिव राजेश टोकी ने किया। राजेश टोकी ने बताया कि 24 नवंबर 2024 को जींद में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने ग्रामीण सफाई कर्मियों का वेतन 26 हजार और शहरी सफाई कर्मचारियों का वेतन 27 हजार करने का संकल्प लिया था, लेकिन नौ महीने बीत जाने के बावजूद आज तक कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ। यूनियन उपप्रधान राजेश सफियाबाद ने कहा कि दिसंबर 2023 में सरकार ने आदेश जारी किया था कि सफाई कर्मियों को हर महीने की 7 तारीख तक वेतन दिया जाए और देरी होने पर 500 रुपए अतिरिक्त भुगतान किया जाए। लेकिन हकीकत यह है कि वेतन कभी भी समय पर नहीं मिलता, जिससे सफाई कर्मी त्योहारों पर भी अपने परिवार के साथ खुशी से नहीं रह पाते। यूनियन प्रधान राजेश रसोई ने चेतावनी दी कि यदि 24 अगस्त को होने वाले प्रदर्शन के बाद भी सरकार ने उनकी मांगों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

### चेयरमैन के मनाने पर नपा पार्षदों का धरना खत्म

**खरखौदा।** अपनी अनदेखी से आहत पार्षदों ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन खत्म कर दिया। पार्षद नवीन दहिया के अनुसार नपा चेयरमैन हीरालाल ने उनकी मांगों को सुनने और समाधान करने का आश्वासन दिया है। यही कारण है कि उन्होंने धरना समाप्त कर दिया। नगर पालिका चेयरमैन हीरालाल ने आश्वासन दिया है कि उनकी मांगों को गंभीरता से सुना जाएगा और उनका समाधान भी किया जाएगा। पार्षदों ने उम्मीद जताई है कि आने वाले समय में शहर के विकास कार्य होंगे और शहरवासियों को सुविधा मिलेगी। मंगलवार को ही नगरपालिका चेयरमैन हीरालाल की अध्यक्षता में फाइनेंस एवं कॉन्ट्रैक्ट कमेटी की बैठक हुई। जिसमें पार्षद एवं फाइनेंस कमेटी सदस्य नवीन दहिया व प्रमोद कुमार ने भाग लिया।

## पार्षद ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

वार्ड नंबर-8 में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के लिए भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई ने नगर निगम के जेई सचिन राठी, शिवर लाइन के ठेकेदार मोहन और एमपीएस के ठेकेदार के साथ पहुंचे। पार्षद पुनीत राई ने कार्य स्थल पर पहुंचकर खुद निर्माण की गुणवत्ता और गति को परखा तथा संबंधित अधिकारियों व ठेकेदारों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं। निरीक्षण के दौरान पार्षद पुनीत राई ने कहा कि नगर निगम द्वारा जो भी विकास कार्य चल रहे हैं, वे सीधे तौर पर आम जनता की सुविधाओं से जुड़े हैं। इसलिए इन कार्यों में लापरवाही या देरी किसी भी हालत में नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वार्ड की जनता लंबे समय से टूटी सड़कों, सीवरेज लाइन और अन्य बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रही है। पार्षद ने कहा की कार्य की गुणवत्ता से समझौता न हो और साथ ही तय समय सीमा में इसे पूरा करने की दिशा में तेजी लाई जाए।



राई। पार्षद पुनीत राई विकास कार्यों की प्रगति का जायजा जेई सचिन राठी के साथ लेते हुए।

## प्रयास जूनियर विंग, चाइल्ड केयर स्कूल ने मारी बाजी

- भाविप ने नृत्य प्रतियोगिता का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

भारत विकास परिषद् द्वारा प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में नृत्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय के निदेशक अमित बत्रा, प्रधानाचार्य सुरेंद्र छाबड़ा, उपप्रधानाचार्या दीपमाला ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। अध्यक्षता संदीप सिंघल ने की, उपाध्यक्ष भारत विकास परिषद हरियाणा मध्य प्रान्त योगेश कौशिक, शाखा कोषाध्यक्ष निशा कौशिक, विशिष्ट अतिथि चारु चांदना, मनीषा जैन, काजल सिंघल व भावना जग्या, संयोजक सांस्कृतिक माह इंदु त्यागी ने शिरकत की। निर्णायक मंडल में आभा गर्ग , शशि शर्मा ने किया। भारत विकास परिषद हरियाणा मध्य प्रान्त के उपाध्यक्ष योगेश कौशिक ने बच्चों को प्रेरणादायक संदेश देते हुए शिक्षा के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में कुल 15 टीमों ने प्रतिभाग किया। सभी टीमों को विद्यालय की ओर से प्रेरणादायक नामों से विभूषित किया गया, प्रथम स्थान प्रयास जूनियर विंग, चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल ने, द्वितीय स्थान यूनिक पब्लिक स्कूल, प्रयास इंटरनेशनल स्कूल, ज्ञानदीप स्कूल, तृतीय स्थान हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल, गायत्री विद्यापीठ, चाइल्ड केयर पब्लिक स्कूल सांत्वना पुरस्कार मॉडर्न कान्वेंट स्कूल,जनता स्कूल,वंडर वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, शास्वत चेतना सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बालभारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने प्राप्त किया।



गन्नौर। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल के प्रतिभागी छात्रों के साथ परिषद के पदाधिकारी ।



सोनीपत। लिटल एंजल्स में पहुंची रितिका का स्वागत करते हुए।

### एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रितिका प्रथम

**सोनीपत।** लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी की अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर रितिका दहिया ने थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में 30 जुलाई से 12 अगस्त 2025 तक आयोजित अंडर-22 एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रितिका ने +80 किलोग्राम भारवर्ग में खेलते हुए शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। फ़ाइनल मुक़ाबले में रितिका ने कड़े संघर्ष के बाद कज़ाख़िस्तान की अस्सेल तोक्तास्सयान को 4-1 स्कोर के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। विद्यालय प्रांगण में रितिका की इस उपलब्धि पर हर्षोल्लास का माहौल रहा। उनके सम्मान में विशेष समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय प्रबंधन ने उन्हें फूल मालाएं पहना कर व 21,000 की नकद राशि देकर उनको सम्मानित किया। इस अवसर पर रितिका के परिवारजन भी उपस्थित रहे, जिनका स्वागत विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल व उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा ने पौधे भेंट कर के किया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग एवं प्रधानाचार्या आशा गोयल ने रितिका को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

## बंदरों के उत्पात से नागरिक अस्पताल की इंटरनेट सेवा ठप

*चिकित्सकों को उठानी पड़ रही परेशानी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नागरिक अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में सोमवार को इंटरनेट सेवा बाधित हो गई। वजह बनी अस्पताल परिसर में घूम रहे बंदरों की करतूत। बंदरों ने इंटरनेट केबल को काट दिया, जिससे चिकित्सकों और स्टाफ को कामकाज में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। खासकर आपातकालीन कक्ष में एमएलसी (मेडिको लीगल केस) तैयार करने में डॉक्टरों को अधिक परेशानी हुई। प्रबंधन की तरफ से जल्द से जल्द समस्या को दूर करने की बात कही है। जानकारी के अनुसार, यह पहली बार नहीं बल्कि पिछले एक सप्ताह में दूसरी बार ऐसा हुआ है, जब बंदरों ने अस्पताल की नेट तार काट दी। अस्पताल स्टाफ ने बताया कि परिसर में आए दिन बंदरों का जमावड़ा लगा रहता है। कई बार वे मरीजों और उनके परिजनों को भी डराते हैं। बंदरों की शरारत से सबसे ज्यादा प्रभावित इंटरनेट सेवा होती है, जिससे अस्पताल की कई जरूरी सेवाएं बाधित हो जाती हैं। नेट सेवा ठप होने से न केवल एमएलसी रिपोर्ट तैयार करने में मुश्किल आई, बल्कि मरीजों के ऑनलाइन रिकॉर्ड, जांच रिपोर्ट और दवा वितरण व्यवस्था भी प्रभावित हुई। सोमवार व मंगलवार को चिकित्सकों और स्टाफ को मजबूरी में मैन्युअल तरीके से काम करना पड़ा, जिससे मरीजों को अधिक समय तक इंतजार करना पड़ा।

#### दुरुस्त करने के दिए निर्देश

तकनीकी टीम को तुरंत दुरुस्ती के निर्देश दे दिए गए हैं। इंटरनेट सेवा जल्द ही बहाल कर दी जाएगी। वहीं, बंदरों की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए नगर निगम और वन विभाग से भी मदद लेने के लिए पत्राचार किया जायेगा। ताकि अस्पताल में जरूरी तारें व अन्य सेवाएं बंदरों की वजह से बाधित न हो सके।
**-डा. संदीप लठवाल,** मीडिया प्रभारी नागरिक अस्पताल।



सोनीपत। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री, सीईओ भावना कालरा व अन्य के साथ चयनित विद्यार्थी।

### साउथ पॉइंट स्कूल में मनाया अलंकरण समारोह

**सोनीपत।** साउथ पॉइंट पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह का आगाज रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से किया गया। समारोह में स्टूडेंट काउंसिल का गठन किया गया। स्टूडेंट काउंसिल में हैड ब्वॉय व हैड गर्ल सहित अन्य पदों पर विद्यार्थियों का चयन किया गया। अलंकरण समारोह में विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट निकाल सलामी दी। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने दीप प्रज्वलित कर अलंकरण समारोह का शुभारंभ किया गया। जिसके बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया। इसके उपरांत स्टूडेंट काउंसिल का गठन किया गया। जिसमें चयनित विद्यार्थियों को अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा से निर्वहन करने की शपथ दिलाई। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री ने स्टूडेंट काउंसिल में चयनित विद्यार्थियों को कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से विद्यार्थियों में अनुशासन व नेतृत्व की भावना जागृत होती है, जो बच्चों में आत्मविश्वास और कर्तव्यनिष्ठा विकसित करता है। वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री, सीईओ भावना कालरा, कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने उपस्थित रहे।



गोहाना। खिलाड़ियों के हाथ मिलवाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए शिक्षकगण और कोच।

### जिला कराटे स्पर्धा में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**गोहाना।** शिक्षा विभाग द्वारा शहर में नागरिक अस्पताल के सामने स्थित बाल भारती स्कूल में तीन दिवसीय जिला कराटे प्रतियोगिता का शुभारंभ हो गया। शुभारंभ स्कूल के एमडी हरिप्रकाश गौड़, प्राचार्या सुमन कौशिक और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना के प्राचार्य सतेंद्र दहिया ने किया। यह प्रतियोगिता 19 से 21 अगस्त तक आयोजित होगी। सोनीपत जिला कराटे संघ के महासचिव व हरियाणा खेल कराटे संघ के सहसचिव कोच अनिल भारद्वाज के अनुसार मंगलवार को लड़कियों के मुकाबले हुए। अंडर-14 आयु वर्ग में गीता स्कूल कुराड़ की मानवी, टेकचंद स्कूल राई की भूमि, आवर्त स्कूल खांडा की वंशिका, बाल विद्यापीठ गोहाना की भाविका शर्मा, प्रिंजल, माही और अवनी तथा रविंद्र ग्लोबल अकादमी मनौली ने सराहनीय प्रदर्शन किया। अंडर-17 आयु वर्ग में गोहाना की माही चहल, सरस्वती स्कूल असवारपुर की कोमल, ओम पब्लिक स्कूल गोहाना की भाविका लठवाल, प्रताप स्कूल खरखौदा की तान्या, बाल भारती विद्या पीठ गोहाना की आंशिक और वंशिका तथा राजकीय कन्या विद्यालय खरखौदा की नैना ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

**प्रदर्शन** सड़कों पर सुनाई दी 'मनीषा को न्याय दो' की गूंज

# मनीषा हत्याकांड को लेकर कैंडल मार्च, सीबीआई जांच की उठाई मांग

*लोगों ने कहा, यह हत्या केवल एक परिवार का दर्द नहीं बल्कि समाज की अस्मिता पर हमला*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

भिवानी जिले के लोहारू गांव में 19 वर्षीय टीचर मनीषा की हत्या के विरोध में गन्नौर में सोमवार शाम सैकड़ों लोगों ने कैंडल मार्च निकालकर न्याय की मांग उठाई। अधिवक्ता जितेंद्र रंगा गुमड़ के नेतृत्व में हुए इस कैंडल मार्च में अनुज रांगा, शिवम, मोहित, कुनाल, रिंकू, अनीश, कमल सहित बड़ी संख्या में युवा, समाजसेवी, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हुए। इस दौरान /"मनीषा को न्याय दो/" की गूंज कस्बे की सड़कों पर सुनाई दी।




गन्नौर। अधिवक्ता जितेंद्र रंगा गुमड के नेतृत्व में हुए कैंडल मार्च के दौरान युवा ।

#### युवाओं में प्रशासन के प्रति रोष

लोगों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रशासन और सरकार से मांग की कि मामले की जांच सीबीआई को सौंपी जाए। अधिवक्ता जितेंद्र रंगा गुम्मर ने कहा कि यह हत्या केवल एक परिवार का दर्द नहीं बल्कि पूरे समाज की अस्मिता पर हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन मामले की सही ढंग से जांच नहीं कर रहा। कई दिन बाद मिला सुसाइड नोट भी संदिग्ध है और ओरिजनल नहीं लगता। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर आत्महत्या भी की है तो उसकी वजह सामने आनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि युवाओं में प्रशासन के प्रति गहरा रोष है और सरकार द्वारा की गई कार्रवाई से कोई संतुष्ट नहीं है। उन्होंने मांग की कि जांच सीबीआई को सौंपी जाए और पीड़ित परिवार को कम से कम एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए। फ्लैग मार्च में शामिल लोगों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।